कार्यालय : वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, चतरा

वन भवन, स्थान+पो0+जिला – चतरा, झारखण्ड – 825401

Telefax – 06541-253690, Email – cf-chatra@gov.in

पत्रांक :–   दिनांक :–

सेवा में,

क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक,
हजारीबाग।

विषय :– **सी0सी0एल0 द्वारा चन्द्रगुप्त खुली खदान कोल परियोजना हेतु 699.38 हे0 (चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल अन्तर्गत 400.96 हे0 एवं हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल अन्तर्गत 298.42 हे0) वनभूमि अपयोजन के प्रस्ताव (संख्या–FP/JH/MIN/140599/2021) के संबंध में।**

प्रसंग :– प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, रांची का ज्ञापांक 1314 दिनांक 29.12.2022 एवं आपका ज्ञापांक 2984 दिनांक 29.12.2022 तथा ज्ञापांक 135 दिनांक 16.01.2023

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में वन प्रमंडल पदाधिकारी, चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल ने अपने पत्रांक 244 दिनांक 24.01.2023 (छायाप्रति संलग्न) द्वारा विषयक परियोजना में झारखण्ड सरकार, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग के पत्रांक 3836 दिनांक 22.12.2022 द्वारा किये गये तीन बिन्दुओं पर पृच्छा का बिन्दुवार अनुपालन प्रतिवेदन इस कार्यालय में समर्पित किया गया है, अनुपालन प्रतिवेदन की स्थिति निम्नवत् है:–

क्र.सं.	पृच्छा	अनुपालन
1	प्रस्तावित वनभूमि के संबंध में FRA के तहत् संबंधित उपायुक्त द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र (इस क्रम में हुई बैठकों की कार्यवाही के साथ)	इस संबंध में प्रयोक्ता अभिकरण ने अपने पत्रांक 67 दिनांक 05.01.2021 द्वारा उपायुक्त, हजारीबाग के समक्ष आवेदन समर्पित किया गया है (छायाप्रति संलग्न) जो प्रक्रियाधीन है। प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा यह वचनबद्धता समर्पित किया गया है कि स्टेज–II अनुमोदन के पूर्व FRA प्रमाण पत्र समर्पित कर दिया जायेगा।
2	CWLW का मंतव्य।	वन प्रमंडल पदाधिकारी, चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल ने इस संबंध में प्रतिवेदित किया है कि विस्तृत मंतव्य Part II में स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन (छाया प्रति संलग्न) में अंकित किया गया है, जिसमें उल्लेखित है कि इस क्षेत्र में बहुत सारे वन्यजीव यथा अनुसूची–I एवं II के महत्वपूर्ण प्रजाति जैसे Stripped hyena, मोर, खरगोस, हिरण, जंगली हाथी आवागमन संबधी के अतिरिक्त अन्य बहुत सारे Vertebrates & invertebrates पाये जाते हैं। अतः इस परियोजना द्वारा इन पर पड़नेवाले नकारात्मक प्रभाव को कम करने हेतु एक Site Specific Wildlife Management Plan बनाना एवं उसका क्रियान्वयन आवश्यक है।

3	CA हेतु चिन्हित अवकृष्ट वनभूमि के लिए समर्पित सभी अभिलेखों में प्लॉट संख्या का मिलान करते हुए प्रतिवेदन।	वन प्रमंडल पदाधिकारी, चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि प्रस्ताव के साथ क्षतिपूरक वनरोपण हेतु चयनित स्थल का प्लॉटो का सत्यापन अभिलेखों से एवं स्थल पर जाकर कर लिया गया है एवं तत्संबंधी उपयुक्ता प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न है। **(अनुलग्नक–1)**

अतः वन प्रमंडल पदाधिकारी, चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल से प्राप्त निराकरण प्रतिवेदन की छायाप्रति इस पत्र के साथ संलग्न कर भेजते हुए अनुरोध है कि इसमें अग्रेत्तर आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा की जाय।

आपका विश्वासी

अनुलग्नक–यथोक्त

ह0/–
वन संरक्षक
प्रादेशिक अंचल, चतरा।

ज्ञापांक 118 दिनांक 08.02.2023

प्रतिलिपिः– प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, रांची को सूचनार्थ प्रेषित।

वन संरक्षक
प्रादेशिक अंचल, चतरा।